हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम २००९ के अंतर्गत स्थापित)

धर्मशाला, जिला - कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश - १७६२१५

पत्रकारिता जनसंचार एवं न्यू मीडिया स्कूल

विकसित भारत @ 2047 पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन

रिपोर्ट

दिनांक: 15/12/2023

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विवि में विकसित भारत @ 2047 पर व्याख्यान का हुआ आयोजन

भारत में गांवों की घटती संख्या चिंता का विषय: प्रो. गोविंद

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला, धौलाधार परिसर-एक के सभागर कक्ष में विकसित भारत @ 2047 विषय पर एक दिवसीय विशिष्ठ व्याख्यान का आयोजन किया गया. उक्त व्याख्यान को विवि के पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल ने आयोजित किया। एक दिवसीय विशिष्ठ व्याख्यान में आई.आई.टी. रूड़की के प्रो. राज कुमार एवं आईआईएमसी के प्रो. गोविन्द सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की।

इस दौरान आईआईएमसी के प्रो. गोविन्द सिंह ने "ग्रामीण पत्रकारिता: परिदृश्य एवं विकास विमर्श" विषय पर मौजूद लोगों के साथ अपने विचार साझा किए। प्रो. गोविन्द सिंह ने आर्थिक विकास, सामाजिक विकास, पर्यावरण एवं सुशासन पर बात रखते हुए विश्व भर में घट रही गांवों की संख्या पर चिंता व्यक्त की और कहा कि गावों के घटने का सिलसिला भारत में भी काफी तेजी से देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी के समय तक भारत 82 प्रतिशत गांवों में बस्ता था जबकि आज ये आंकड़े घट कर 66 प्रतिशत तक गिर गये हैं. प्रो. गोविंद ने बताया कि ग्रामीण पत्रकारिता हरेक दिन कम होती जा रही है जोकि एक चिंता का विषय है.

इसके साथ ही प्रो. राज कुमार ने "न्यू मीडिया युग में विकास पत्रकारिता का चिंतन" विषय पर अपने अनुभव साझा करते हुए विकास पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी पत्रकारिता के सफर से कुछ उदाहरण साझा करते हुए सभागर में मौजूद सभी को विकास पत्रकारिता के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि 1996 से ग्रामीण व विकास पत्रकारिता का दौर कम होता चला गया और आज यह परिस्थिति और भी खराब हो चुकी है। उन्होंने सभागार में मौजूद छात्रों को ग्रामीण व विकास पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा उक्त व्याख्यान में विवि के डीन अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने बतौर अध्यक्ष बोलते हुए कहा कि सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण मीडिया के रूप में उभर कर सामने आया है जो गावों और सुदूर क्षेत्रों को भी मुख्य धारा से जोड़ने का कम कर रहा है बस ज़रूरत है इसके सकारात्मक प्रयोग की।

उक्त समारोह में पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल के डीन डॉ. राम प्रवेश राय, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाद्यक्ष डॉ. अर्चना कटोच, डॉ. हर्ष मिश्र, डॉ. अमरेन्द्र, डॉ. योगेश गुप्ता, श्री दीपक वैष्णव उपस्थित रहे। एक दिवसीय व्याख्यान में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, न्यू मीडिया विभाग, अंग्रेजी विभाग व अन्य विभागों से छात्र उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विभागों से अध्यापक, शोधार्थी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।